दैनिक भास्कर
BhaskarHindi.com

# स्पिरिट डालकर बनाते थे नकली शराब, आबकारी विभाग ने की कार्रवाई

क्षेत्रीय समाचार May 17th, 2019 20:14 IST



**डिजिटल डेस्क, नागपुर।** स्पिरिट डालकर नकली शराब बनाने वाले के खिलाफ राज्य आबकारी विभाग के दस्ते ने कार्रवाई की। अवैध तरीके से बेची जा रही नकली शराब की शिकायतें मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई की। बता दें कि अवैध तरीके से शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ आबकारी विभाग ने सघन अभियान छेड़ रखा है। इस अभियान के अंतर्गत आबकारी विभाग के दस्ते ने एक आरोपी को 110000 की स्पिरिट के साथ धर दबोचा। जब्त की गई स्पिरिट का शराब बनाने के लिए उपयोग किया जाता था।

सूत्रों के अनुसार सेहत के लिए यह स्पिरिट बेहद घातक है इस स्पिरिट का शराब बनाने के लिए किस तरह से और कितने प्रमाण में वह उपयोग करता था इसका भी उसके पास कोई हिसाब-किताब नहीं है। गिरफ्तार आरोपी का नाम विनायक रंगारी पुलिस लाइन टाकली निवासी बताया गया है।

**लगातार की जा रही है कार्रवाई**

आरोपी विनायक रंगारी को वाड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। नागपुर में राज्य आबकारी विभाग के दस्ते द्वारा पिछले कुछ महीने से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में अब तक ढाई सौ से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और करोड़ों का माल भी जब्त किया गया है। आबकारी विभाग के दस्ते ने नागपुर जिले में जंगलों के अंदर नालों के पानी से महुआ शराब बनाने वाले आरोपियों के खिलाफ सघन अभियान छेड़ते हुए कई बड़ी कार्रवाई की है। पारशिवनी, उमरेड खापरखेडा सहित अन्य तहसीलों में बड़े पैमाने पर भी कार्रवाई की गई है। इन आरोपियों में से कुछ आरोपियों का आपराधिक रिकॉर्ड खोलते हुए उन्हें तड़ीपार किए जाने की तैयारी आबकारी विभाग कर रहा है। उक्त कार्रवाई वाड़ी थाना अंतर्गत की गई है। यह आरोपी सेहत के लिए बेहद खतरनाक स्पिरिट कहां से खरीद कर लाता था इस बारे में भी छानबीन की जा रही है। मामले में और भी कड़ी जुड़ने का अंदेशा पुलिस विभाग ने जताया है।

Source: [https://www.bhaskarhindi.com/city/news/state-excise-department-took-action-against-the-fake-brewer-68148](https://www.bhaskarhindi.com/city/news/state-excise-department-took-action-against-the-fake-brewer-68148)